कहानी सुनाना, गीत, रोल प्ले और नाटक: प्राथमिक अंग्रेज़ी

हिन्दी (अंग्रेज़ी के साथ)
कमेंट्री: इस प्राथमिक कक्षा में, शिक्षक, अपने छोटे विद्यार्थियों की - अंग्रेज़ी के नए शब्द सीखने में मदद करने के लिए - एक कहानी का रचनात्मक इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। **शिक्षक:** इस कहानी का नाम है, 'The Thirsty Crow'. कहानी English में है। कहानी? **विद्यार्थी:** English में है। **शिक्षक:** English में है। It was a hot day! It was a…? **विद्यार्थी:** Hot day! गरमी। **शिक्षक:** Hot day. **विद्यार्थी:** Hot day. **शिक्षक:** गरमी, है न? बहुत गरमी! Hot day! **विद्यार्थी:** Hot day! कमेंट्री: ध्यान दीजिए, कैसे शिक्षक हाव-भाव, वस्तु और चित्रों का उपयोग - कहानी के मुख्य शब्दों को समझने में अपने विद्यार्थियों की मदद करने के लिए करते हैं। **शिक्षक:** 'See' माने क्या होता है? **विद्यार्थी:** 'See', 'see'. **शिक्षक:** ऐसे देखते नहीं हैं, हम लोग? कैसे देखते हैं?

विद्यार्थी: ऐसे।

शिक्षक: ऐसे देखते हैं।

फिर Pick up.

क्या करते हैं?

विद्यार्थी: Pick up.

शिक्षक: जैसे ये, ये क्या हैं?

विद्यार्थी: Stone.

शिक्षक: Stone, English में क्या कहेंगे?

विद्यार्थी: Stone. Pick up.

शिक्षक: Stone. है न, तो इनको... क्या है? Pick up.

विद्यार्थी: Pick up.

शिक्षक: ऐसे, क्या करेंगे?

विद्यार्थी: उठाएँगे।

शिक्षक: कौन कौन कर के बताएगा?

विद्यार्थी: मैं, sir.

शिक्षक: एक एक कर के। हमज़ा कर के बताएँगे। Pick up.

आगे, Drink. Drink कैसे करते हैं? ऐसे करते नहीं हैं? Bottle खोलते हैं?

Fly. Fly माने? कोई बताएगा?

विद्यार्थी: उड़ना। ...तो रे...

शिक्षक: Fly माने?

विद्यार्थी: उड़ना।

शिक्षक: उड़ना।

अच्छा, अब, अब हम जो पूछेंगे प्रश्न, है न, question जो पूछेंगे, वो आप लोग, वो सब लोग बताओगे। ठीक? पूछें? सोनू, बताओ, इसमें क्या क्या बना है?

कमेंट्री:

शिक्षक, अंग्रेज़ी के शब्दों के अभ्यास में, कक्षा की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हैं।

शिक्षक: English में? English में बताओ, क्या कहते हैं?

विद्यार्थी: Crow.

शिक्षक: Crow कहते हैं, ठीक। अच्छा, इसमें क्या है यह?

विद्यार्थी: पानी।

शिक्षक: क्या है?

विद्यार्थी: पानी।

शिक्षक: पानी को English में क्या कहते हैं? क्या कहते हैं?

विद्यार्थी १: Drink.

शिक्षक: क्या कहते हैं?

विद्यार्थी १: Drinking.

शिक्षक: नहीं, drinking नहीं कहते हैं। एक आदमी बता दे कोई। क्या कहते हैं? क्या कहते हैं?

विद्यार्थी २: Water.

शिक्षक: हाँ, water कहते हैं।

विद्यार्थी: Water.

शिक्षक: अच्छा क्या है ये?

विद्यार्थी ३: कौआ।

शिक्षक: कौआ। ठीक, बहुत अच्छा। English में क्या कहेंगे? मनीषा?

विद्यार्थी ४: Crow.

शिक्षक: ये क्या बना हुआ है?

विद्यार्थी: घड़ा।

शिक्षक: घड़ा।

विद्यार्थी २: Pitcher.

शिक्षक: Pitcher. क्या कहेंगे English में?

विद्यार्थी: Pitcher.

शिक्षक: Pitcher. अच्छा, आसिफ, अब तुम बताओ।

कमेंट्री:

आप कैसे अपने कहानी सुनाने के कौशल को निखारेंगे ताकि, विद्यार्थि रूचि लें, और नए अंग्रेज़ी शब्द सीखने में उन्हें मदद मिले?